

# बीसीसीआई की नज़र में वैभव

- कोच बोले - टेस्ट में भी चमकाएंगे निखार
- वैभव सूर्यवंशी को मिला खास बीसीसीआई प्रशिक्षण
- 14 वर्षीय वैभव आईपीएल में 1 करोड़ से अधिक में खरीदे गए
- आईपीएल में भारत का सबसे तेज शतक जमाया
- इंग्लैंड दौरे में अंडर-19 टीम के लिए चमके

## सीनियर रिटायरमेंट से पहले तैयार हो रही नई पीढ़ी

**बेंगलुरु, 12 अगस्त. 14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के लिए यह साल किसी सपने से कम नहीं रहा है. आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स द्वारा 1 करोड़ से अधिक की राशि में खरीदे जाने, लीग में ऐतिहासिक प्रदर्शन और उसके बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम में जगह बनाने के बाद, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड उन्हें भविष्य की भारतीय टीम के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण दे रहा है.**

वैभव को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विशेष प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है. उनके बचपन के कोच मनीष ओझा ने मायखेल से बात करते हुए बताया कि यह ट्रेनिंग ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे से कहीं आगे की है, और इसका मुख्य उद्देश्य उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से तैयार करना है क्योंकि सीनियर खिलाड़ी धीरे-धीरे संन्यास ले रहे हैं.



### आईपीएल में रचा इतिहास, इंग्लैंड में भी चमके

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था, जिससे वह लीग में भारत के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए. इंग्लैंड दौरे पर भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. इंग्लैंड से लौटने के बाद, राजस्थान रॉयल्स ने भी उन्हें एक विशेष अभ्यास सत्र के लिए बुलाया था.

### कोच ओझा का विजन

कोच ओझा के हवाले से मायखेल ने अपनी रिपोर्ट में बताया, बीसीसीआई आगे की सोच रहा है. सीनियर खिलाड़ी धीरे-धीरे संन्यास ले रहे हैं और उन जगहों को भरने के लिए युवाओं के अगलसीनियर रिटायरमेंट से पहले तैयार हो रही नई पीढ़ी

# सैमसन तय, बैकअप पर टक्कर

- दूसरे विकेटकीपर कौन - जितेश, जुरेल या राहुल
- संजू ने हाल की 10 पारियों में 3 शतक और 188 स्ट्राइक रेट

## एशिया कप 2025 टी20 टीम में विकेटकीपर स्लॉट को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा



**नई दिल्ली, 12 अगस्त. एशिया कप 2025 में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं और इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान भी जल्द ही होने वाला है.**

एशिया कप का यह संस्करण टी20 फॉर्मेट में होने जा रहा है क्योंकि अगले साल टी20 विश्व कप भी प्रस्तावित है. ऐसे में कई तरह के सवाल सभी के जेहन में चल रहे हैं कि भारतीय दल में कौन-कौन होगा सलामी बल्लेबाज कौन होंगे, तेज गेंदबाज़ों में किसको-किसको जगह मिलेगी, स्पिनर्स कौन-कौन रहने वाले हैं, ऑलराउंडर्स कौन होंगे और विकेटकीपर कितने रहेंगे और कौन कौन लिहाजा इसी कड़ी में आज हम विकेटकीपर की बात करने जा रहे हैं, और जानने की कोशिश करते हैं कि मौजूदा फॉर्म, टीम संयोजन और आंकड़ों के हिसाब से किसका खेलना तय है तो किसे मिल सकता है वापसी का मौका.

हालांकि अब ऐसा नहीं है पिछली 10 टी20 पारियों में उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है, सैमसन ने इस दौरान 42 की औसत और 188.05 के बेमिसाल स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं.

### बुमराह की वापसी, रिंकू-जायसवाल पर सस्पेंस

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एशिया कप में खेलना लगभग तय माना जा रहा है. उनकी वापसी टीम के लिए एक बड़ी राहत होगी. दूसरी ओर, टी20 फॉर्मेट में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले रिंकू सिंह और यशस्वी जायसवाल को एशिया कप टीम में जगह न मिलने की संभावना है. टॉप ऑर्डर में पहले से ही मजबूत विकल्प होने के कारण इन दोनों को बाहर बैठना पड़ सकता है. एक अतिरिक्त ऑलराउंडर के चयन से रिंकू सिंह की जगह पर असर पड़ सकता है.



# झारखंड ने जीता जूनियर महिला हॉकी खिताब

**काकीनाडा, 12 अगस्त. झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को यहां हरियाणा को 2-1 से हराकर 15वीं जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप डिविजन 'ए' का खिताब अपने नाम कर लिया.**

स्वीटी डुंगडुंग (10 वें मिनट) और शांति कुमारी (12वें मिनट) ने पहले क्वार्टर में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई. हरियाणा की कीर्ति (52वें मिनट) ने आखिरी क्षणों में गोल करके मैच में टीम की वापसी कराने की कोशिश की. हरियाणा के खिलाड़ी हालांकि इसके बाद कोई और मौका बनाने में नाकाम रहे. इससे पहले कांस्य पदक के मैच में उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराया. उत्तर प्रदेश के लिए सुनीता कुमारी और मनीषा पटेल ने गोल किये.

# ब्रेविस के तूफान से ऑस्ट्रेलिया पर आफत

**डार्विन, 12 अगस्त. प्लेयर ऑफ द मैच डेवाल्ड ब्रेविस की नाबाद 125 रन की तूफानी शतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी 20 में मंगलवार को 53 रन से पीटकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली.**

ब्रेविस की मात्र 56 गेंदों में 12 चौकों और आठ छक्कों से सजी नाबाद 125 रन की जबरदस्त पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में सात विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर ऑस्ट्रेलिया को 17.4 ओवर में 165 रन पर समेट दिया. ब्रेविस ने फील्डिंग में भी दो कैच लपके ,जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.



डेवाल्ड ब्रेविस ने 56 गेंदों में ठोके 125 रन

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से वेना मफाका और कार्बिन बॉश ने तीन-तीन विकेट झटके. ऑस्ट्रेलिया की ओर से टिम डेविड ने एकतरफा संघर्ष करते हुए चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 24 गेंदों में 50 रन बनाये. कप्तान मिचेल मार्श ने 22 और एलेक्स कैरी ने 26 रन का योगदान दिया. ग्लेन मैक्सवेल ने 16 रन बनाये. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे ब्रेविस ने अपने तूफानी शतक से इसे पूरी तरह गलत साबित कर दिया. दक्षिण अफ्रीका ने अपने तीन विकेट मात्र 57 रन पर गंवा दिए थे.

# प्रसार भारती लाएगा पहली प्रो रेसलिंग लीग

- 17 सितंबर को आधिकारिक लॉन्च, 4 अक्टूबर से प्रसारण
- डीडी स्पोर्ट्स, 'वेव्स' और आकाशवाणी पर होगा प्रसारण

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. भारत के खेल मनोरंजन परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम के तहत, राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती ने यूके स्थित एडिग्रुप की स्पोर्ट्स इनोवेशन वर्टिकल एएक्स स्पोर्ट के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.**


जिसके तहत ग्लोबल लीग रेसलिंग(जीएलडब्ल्यू) -भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अपनी तरह की पहली पेशेवर रेसलिंग लीग - का प्रसारण किया जाएगा.यह अनूठा सहयोग प्रसार भारती के टीवी, डिजिटल प्लेटफॉर्म और रेडियो के व्यापक राष्ट्रीय नेटवर्क को एएक्स स्पोर्ट की ग्लोबल ब्रांडिंग, कंटेंट, प्रोडक्शन, आईपी और मार्केटिंग विशेषज्ञता के साथ जोड़ते हुए भारतीय, एशिया-प्रशांत और वैश्विक दर्शकों के लिए एक विश्वस्तरीय खेल मनोरंजन प्रॉपर्टी तैयार करेगा.

## एक नजर में



### धोनी के 100 करोड़ मानहानि केस में सुनवाई शुरू

**चेन्नई.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा दायर 100 करोड़ रुपये के मानहानि मुकदमे में मद्रास हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई शुरू करने का आदेश दिया. यह मुकदमा जी मीडिया कॉर्पोरेशन, पत्रकार सुधीर चौधरी, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी जी संपत कुमार और न्यूज नेशन नेटवर्क के खिलाफ 2014 में आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले में उनका नाम घसीटने के लिए दायर किया गया था. न्यायमूर्ति सी.वी. कार्तिकेयन ने धोनी के साक्ष्य दर्ज करने के लिए एक अधिवक्ता आयुक्त भी नियुक्त किया. यह व्यवस्था चेन्नई में सभी संबंधित पक्षों और उनके वकीलों के लिए सुविधाजनक परिसर में की जाएगी. अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति इसलिए की गई है, क्योंकि एक सेलिब्रिटी होने के कारण धोनी की व्यक्तिगत उपस्थिति से हाई कोर्ट में अव्यवस्था फैल सकती है, चाहे वह मुख्य जांच के लिए हो या प्रतिवादियों द्वारा क्रॉस-एग्जामिनेशन के लिए. यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी.आर. रमन द्वारा धोनी का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने के बाद पारित किया गया, जिसमें उन्होंने 2014 से लंबित मानहानि मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ाने का इरादा व्यक्त किया था. क्रिकेटर ने कहा कि वह 20 अक्टूबर 2025 और 10 दिसंबर 2025 के बीच जांच और क्रॉस-एग्जामिनेशन के लिए उपलब्ध रहेंगे.



### लंदन स्पिरिट ने मो बोबाट को सौंपी कमान

**लंदन.** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे. इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक,फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं. बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51प्रतिशत हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49त्न हिस्सेदारी है. ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी. इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरकरार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है. अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा, ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है. एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फ्रेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है.



# विभु त्यागी ने ट्रायल्स में मारी बाजी

**ग्रेटर नोएडा, 12 अगस्त. महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रायल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना.**

ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया. यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली.

इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ के मार्गदर्शन में किया गया था. 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है.

> त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया. यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था. ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई.

# आयुष म्हात्रे मुंबई टीम के नए कप्तान

**मुंबई.** युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को इस महीने चेन्नई में शुरू होने वाले बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को मुंबई की 17 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जिसमें भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान भी शामिल हैं. पिछले सत्र में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्रभावी प्रदर्शन किया और बाद में उन्हें भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया जो एक बहु प्रारूप दौरे के लिए इंग्लैंड गई थी. सत्रह वर्षीय म्हात्रे 21 सितंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के एक और बहु प्रारूप दौरे में भी भारत की कप्तानी करेंगे. मुंबई के लिए आठ प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके सुवेद पार्कर को 18 अगस्त से नौ सितंबर तक होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए टीम का उप कप्तान बनाया गया है. टीम में मुशीर खान भी शामिल हैं जो एक कार दुर्घटना में लगी चोटों के कारण 2024-25 सत्र के अधिकांश हिस्से में नहीं खेल पाए थे.



# खिलाड़ी केंद्रित बदलाव लाएगा खेल प्रशासन विधेयक

- लोकसभा-राज्यसभा में पास, पारदर्शिता पर जोर
- खेल मंत्री मांडविया ने विधेयक को खेलों का टर्निंग प्वाइंट बताया

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के पारित होने से भारत के खेल परिदृश्य में बदलाव आएगा और निर्णय प्रक्रिया खिलाड़ी केंद्रित होगी.**

लोकसभा से मंजूरी मिलने के एक दिन बाद राज्यसभा में विधेयक पारित होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने के लिए पदक रणनीति बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी. मांडविया ने कहा, ''खेल क्षेत्र में सुशासन लाने के लिए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक पहले लोकसभा में और आज राज्यसभा में पारित किया गया. खेल प्रशासन विधेयक के माध्यम से देश में खिलाड़ी केंद्रित माहौल होगा, महासंघों में पारदर्शिता आएगी.उन्होंने आगे कहा, ''इसके साथ ही महिलाओं और पैरा खिलाड़ियों को प्रतिनिधित्व मिलेगा.''इस विधेयक की तीन महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं. राष्ट्रीय खेल बोर्ड, जिसके पास राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने और उनकी मान्यता रद्द करने का अधिकार होगा.

**खिताब का लक्ष्य** — 39वीं पंजाब स्टेट सुपर फुटबॉल लीग 16 अगस्त से होगी शुरू

# पंजाब स्टेट सुपर फुटबॉल लीग के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित की

- मुख्य कोच प्रवीण कुमार के नेतृत्व में युवा टीम मैदान में उतरेगी
- पंजाब एफसी का पहला मैच न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ
- सभी खिलाड़ी 25 वर्ष से कम, 9 अंडर-19 खिलाड़ी टीम में शामिल

**मोहाली, 12 अगस्त. पंजाब एफसी ने आगामी 39वीं पंजाब स्टेट सुपर फुटबॉल लीग 2025-26 के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जो अगले सप्ताह शुरू होगी. पंजाब एफसी अपने अभियान की शुरुआत 16 अगस्त को न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ शाम 4ः15 बजे से करेगी. पंजाब एफसी पिछले सीज़न में आई-लीग टीम नामधारी स्पोर्ट्स अकादमी के बाद उपविजेता रही थी और इस साल अपनी स्थिति बेहतर करने और पंजाब का चैंपियन बनने की कोशिश करेगी.**



मुख्य कोच प्रवीण कुमार के नेतृत्व में, पंजाब एफसी इस लीग के लिए अपनी रिजर्व टीम उतारेगी, जिसमें सभी खिलाड़ी 25 वर्ष से कम आयु के होंगे, जिसमें अंडर-19 टीम के नौ खिलाड़ी शामिल हैं. इस टीम में पंजाब के 16 खिलाड़ी शामिल हैं और कोच ने छह खिलाड़ियों को स्टैंडबाय पर भी रखा है. डूरंड कप 2025 के लिए सीनियर टीम में चुने गए मानव सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है. घोषणा पर मुख्य कोच प्रवीण कुमार ने कहा, हमने एक बेहद युवा टीम का चयन किया है जिसमें अकादमी टीमों के खिलाड़ी भी शामिल हैं. हमारा मानना है कि हमारे पास एक ऐसी टीम है जो इस सीजन में लीग खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है. इनमें से ज्यादातर खिलाड़ियों को पिछले सीजन में पंजाब लीग में खेलने का अनुभव है और एक संतुलित टीम के साथ, हमें उम्मीद है कि हम पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन करेंगे.

### पंजाब एफसी टीम

- **गोलकीपर:** हरप्रीत सिंह, नवीन सैनी, जसकरन डब, मोहम्मद फ़िज़ान जाबिर
- **डिफेंडर:** मानव सिंह, जगदीश सिंह, आर्यन नाकरा, एकमीत सिंह, एम. लीडॉन्ग, मोहम्मद सोहेल खान, मोहम्मद साहिल, सतनाम सिंह, ओम मोटघरे
- **मिडफील्डर:** सार्थक सिंह, हर्ष तिवारी, नगारिन शाइजा, बिशु शर्मा, टूरंगबाम जैथलीन सिंह, थांगजाम अल्बर्ट, अर्शवीर सिंह, सुभम गुरुंग.